तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 15 अप्रैल 2025



13 संविधान हमें देता है समानता और अधिकारों के रक्षा...





14 आंबेडकर जयंती पर निकाली रैली






## खबर संक्षेप

### शराब पीकर वाहन चलाने वाले 6 चालकों पर कार्रवाई, वाहन जब्त

**बलौदाबाजार।** जिला पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों की चेकिंग कर लगातार कार्रवाई की जा रही है। रविवार को जिले में शराब पीकर वाहन चलाने वाले, वाहन चालकों के विरुद्ध पुलिस द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान संपूर्ण अभियान में पुलिस की अलग–अलग टीमों द्वारा एक साथ भारी वाहन, चारपहिया वाहन एवं दोपहिया वाहन चालकों की चेकिंग की गई। पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान में ब्रेथ एनलाइजर के माध्यम से परीक्षण कर 6 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चालन कर वाहन जब्त किया गया है। जब्त सभी 6 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिला यातायात पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों के ऊपर सख्ती से लगातार कार्रवाई की जा रही हैं। इस वर्ष 13 अप्रैल तक की स्थिति में शराब पीकर वाहन चलाने वाले कुल 492 लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की गई, जिसमें न्यायालय द्वारा कुल 46 लाख 30 हजार रूपये का अर्थदंड दिया गया है।

### 74 पौवा और 9 लीटर महुआ शराब जब्त दो गिरफ्तार





**बलौदाबाजार।** जिला पुलिस की अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले शराब कोचियों की धरपकड़ जारी है। ऑपरेशन विश्वास के तहत रविवार को थाना सिटी कोतवाली एवं चौकी करहीबाजार की पुलिस टीमों द्वारा घेराबंदी कर, अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 2 आरोपी शराब कोचियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों से 9400 कीमत मूल्य का 74 पौवा देशी मसाला और 9 लीटर महुआ शराब जब्त की। आरोपी कमलेश रात्रे उर्फ बातू 18 साल दशरमा रोड बलौदाबाजार थाना तथा परमेश्वर निषाद 35 वर्ष सोनाडीह के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबबद्ध कर, आरोपियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा गया।

### कार्यक्रम में जल संचयन की शपथ ली और बाबा साहेब की गिनाई गई उपलब्धि

# बाबा साहेब के लिखे संविधान से हमें मिला स्वतंत्रता का अधिकार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

भारतीय संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आम्बेडकर की जयंती जिले में सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाई गई। जिला ऑडिटोरियम में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में सर्वप्रथम पूर्व विधायक भाटापारा शिवरतन शर्मा, कलेक्टर दीपक सोनी जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, उपाध्यक्ष पावन साहू, जिला अध्यक्ष आनंद यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने छत्तीसगढ़ महतारी एवं बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर नमन किये। इस अवसर पर विभिन्न समाज के प्रमुखों को सम्मानित किया गया। इसके पश्चात संविधान के उद्देशिका का वाचन किया गया तथा जल संचयन की शपथ ली गई। पंचायतों में अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र हेतु प्रति विकासखंड के 10 –10 ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं सीएससी के व्हीएलई के मध्य ओएमयू किया गया। पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने डॉ. भीमराव आम्बेडकर जयंती की शुकामनाएं देते हुए कहा कि डॉ. आम्बेडकर ने संविधान की रचना कर हमें ▸▸ शेष पेज 13 पर





### 10 हितग्राहियों को सौंपी गई आवास की चाबी

इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास पूर्ण करने वाले 10 हितग्राहियों को आवास की चाबी सौंपी गई। उत्कृष्ट कार्य करने वाले 10 आवास मित्रों एवं लखपति दीदियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के सम्बोधन को ऑनलाइन एलईडी स्क्रीन पर देखा व सुना गया।

### बाबा साहेब ने अनेक सामाजिक बाधाओं का सामना किया

■ भाजपाइयों ने मनाई बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर की जयंती



**बलौदाबाजार।** भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने नगर के आम्बेडकर चौक पहुंचकर बाबा साहब डॉ. भीमराव आम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्प एवं माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के पूर्व विधायक सनम जांगड़े ने कहा कि आज पूरा देश संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर की जयंती माना रहा है। उन्होंने भारत के स्वतंत्रता संग्राम और आजादी के बाद के सुधारों में भी अहम योगदान दिया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय केसरवानी ने कहा कि बाबा साहेब को अपने जीवन में अनेक सामाजिक बाधाओं का सामना करना पड़ा था, लेकिन उन्होंने अपना सारा जीवन पढ़ने लिखने व ज्ञान हासिल करने में बिताया। उन्होंने अच्छे वेतन वाले कुछ पदों को ठुकरा दिया, क्योंकि उन्होंने अपना जीवन समानता, भाई चारे और मानवता के लिए समर्पित कर दिए थे। नपाध्यक्ष अशोक जैन ने कहा कि बाबा साहेब आम्बेकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को हुआ था। वह अपने माता-पिता की चौदवीं और अंतिम संतान थे। ▸▸ शेष पेज 13 पर

# महामाया मंदिर के पास मिले गौमाता के कटे कान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिमगा



नगर के महामाया पारा मंदिर के समीप गौमाता के कटे कान मिलने पर शहर में सनसनी फैल गई। नगरवासियों ने इसकी सूचना पुलिस को दी, जहां मौके पर पहुंची पुलिस ने असामाजिक तत्वों को पकड़ने आसपास लगे सीसी टीवी कैमरा खंगालने में जुटी है।

प्रार्थी तुकेश सोनकर 23 वर्ष निवासी महामाया पारा सिमगा ने थाना में शिकायत दर्ज कराया है कि 13 अप्रैल को 12.30 बजे हनुमान जन्मोत्सव का प्रसाद वितरण तथा सामानों को व्यवस्थित करने के उद्देश्य से महामाया मंदिर गया था। उसी समय अपने दोस्त धनजंय एवं ओमकार सोनकर के साथ राधाकृष्ण मंदिर की छाया में बैठने के लिए गए तो देखा कि महामाया मंदिर के दिवाल के बगल एवं आसपास गाय के चार कान पड़े हैं। जिसे किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा हमारे धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के उद्देश्य से क्रूरता पूर्वक गौमाता के कान को काटकर मंदिर के दिवाल के बगल एवं आस पास फेंक दिया गया, जो पशु क्रूरता अधिनियम के ▸▸ शेष पेज 13 पर

■ नगरवासियों ने पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट, सीसी टीवी खंगालने में जुटी पुलिस

### पुलिस ने सीसीटीवी फूटेज खंगाला

पुलिस को सूचना मिलने पर अपराध की गंभीरता को देखते थाना प्रभारी योगिता बाली खापर्डे अपने दल बल सहित मौके पर पहुंच कर मौका मुआयना किया एवं घटना के संबंध में पुलिस के उच्चाधिकारियों को अवगत कराया, जहां एडिशनल एसपी हेमसागर सिदार के साथ भाटापारा शहर थाना प्रभारी परिवेश तिवारी भी पहुंचे तथा मौका मुआयना किया। पुलिस ने आसपास के घरों में लगे सीसीटीवी कैमरे फूटेज के माध्यम से अज्ञात आरोपी के बारे में पता करने का प्रयास किया जा रहा है।

### 25 बछड़ा बरामद, गौ तस्कर जेल दाखिल



**हथबंद।** ग्राम मोहभट्टा हथबंद रोड में गौवंश बछड़ों के झुंड को पैदल ले जाते गोविंद टंडन को पकड़ा गया। इस दौरान आरोपी के पास गौवंश ले जाने संबंधी किसी भी प्रकार से रसीद नहीं थी। आरोपी से कुल 25 बछड़ा बरामद किया गया। प्रकरण में आरोपी से विस्तृत पूछताछ करने पर उसके द्वारा उक्त गौवंशों के साथ क्रूरता करते पाए जाने पर प्रकरण में आरोपी के विरुद्ध थाना हथबंद में धारा 4, 6, 10, 11 छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में आरोपी गोविंद टंडन 37 साल निवासी ग्राम करमनडीह को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा गया।

# नगर पालिका में बनेगा हाईटेक बस स्टैंड और सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

नगर के सुव्यवस्थित विकास के लिए गंदे पानी का ट्रीटमेंट कर निस्तारी योग्य बनाकर उपयोग में लाना बेहद आवश्यक है। इसके अलावा हाईटेक बस स्टैंड की आवश्यकता लंबे अर्से से महसूस की जा रही है। इन सुविधाओं से अब तक वंचित नगरवासियों को जल्द ही उक्त दोनों सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में नपाध्यक्ष अशोक जैन द्वारा पदभार ग्रहण करने के साथ ही पहल शुरू कर दी गई है। इस संबंध में भूमि मांग संबंधी पत्रचार शुरू किया जा चुका है तथा कुछ दिनों पूर्व इस बारे में कलेक्टर दीपक सोनी से मुलाकात कर भूमि चिन्हांकित किए जाने की बात रखी गई थी। इसके पश्चात हाईटेक बस ▸▸ शेष पेज 13 पर

■ भूमि चिन्हाकित कर निकाली गई दावा आपत्ति की सूचना





**यातायात का दबाव कम करने के लिए हाईटेक बस स्टैंड का निर्माण :** श्री जैन ने बताया कि उक्त दोनों प्रोजेक्ट के लिए कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा से चर्चा की गई जहां, बताया गया कि हाईटेक बस स्टैंड के निर्माण से शहर में यातायात का दबाव कम रहेगा व बस स्टैंड से आसानी से वह अपने गंतव्य के लिए यात्रा सुनिश्चित कर सकेंगे। हाईटेक बस स्टैंड के लिए ग्राम परसाभदेर में नाला के समीप 0.720 हेक्टेयर भूमि की मांग आबंटित किए जाने पत्र कलेक्टर को प्रेषित किया गया है। इसके साथ ही सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट भी नगर बलौदाबाजार के लिए महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है।

### सामूहिक विवाह में शामिल हुए बृजमोहन और शिवरतन

# ठेठवार यादव समाज है भगवान श्री कृष्णा के वंशज : सांसद अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भाटापारा

सांसद बृजमोहन अग्रवाल, उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा भाटापारा के ग्राम तरेंगा में आयोजित छत्तीसगढ़ ठेठवार यादव महासभा तरेंगा राज के वार्षिक अधिवेशन में शामिल हुए। समाज ने उत्साह के साथ अतिथियों का स्वागत किया।

सामाजिकजनों को सम्बोधित करते हुए बृजमोहन अग्रवाल ने समाज के आराध्य भगवान श्रीकृष्ण के जीवन आदर्शों –धर्म, नीति, पराक्रम और प्रेम– को आत्मसात करने की बात कही। अग्रवाल ने कहा कि ठेठवार यादव समाज मेहनतकश, संस्कारवान और अपनी परंपराओं के प्रति समर्पित समाज है। यह कृषक समाज न केवल कृषि में योगदान देता आया है, बल्कि छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत को भी सहेज कर रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है। ठेठवार यादव समाज भगवान श्री कृष्ण के वंशज हैं। जिन्होंने पूरी दुनिया को जीवन जीने की कला सिखायी है।



कार्यक्रम को उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने गौरवशाली यदुवंश की सेवा परंपरा को नमन करते हुए कहा कि यादव समाज (ठेठवार) आज अपनी सांस्कृतिक विरासत और गौसेवा की भावना के साथ प्रगति के पथ पर अग्रसर है। शर्मा ने आगे कहा कि अपने गौरवशाली इतिहास से जुड़ा यह समाज आज लगभग हर भारतीय परिवार से आत्मीय रूप से जुड़ा हुआ है। ▸▸ शेष पेज 13 पर




# निस्तारी का ऐसा संकट...तालाब-एनीकट भरने 20 बांधों से छोड़ा गया पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में गर्मी की शुरुआत के साथ ही जलसंकट से निपटने गांवों से मांग आने पर निस्तारी के लिए बांधों से पानी छोड़ने का निर्णय लिया गया है। पिछले दिनों इस संबंध में हुई बैठक में गर्मी के दौरान पेयजल की कमी से निपटने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बांधों के पानी से तालाब भरने के निर्देश दिए थे। प्रदेश के बांधों में पानी उपलब्धता के अनुसार पिछले एक पखवाड़े में बांधों में 45.69 प्रतिशत जलभराव था, जो घटकर 36.36 प्रतिशत हो गया है। 20 बांधों से गांवों के तालाब और एनीकट में पानी भरने का प्रयास किया जा रहा है। कई बांधों में तेजी से पानी कम होता जा रहा है, सिंचाई विभाग पानी छोड़ने के साथ ही इसकी मॉनिटरिंग कर रहा है।

हरिभूमि सरोकार

प्रदेश में इस साल मार्च से ही गांवों में पानी की किल्लत हो रही है। यहां निस्तारी के लिए पानी का मांग उठने लगी है। वहीं पिछले साल की तुलना में इस बार बांधों में 20 से 30 फीसदी जलभराव कम है। अधिकतर बड़े जलाशयों में बारिश में पर्याप्त जलभराव हुआ है, लेकिन अब मार्च के अंत तक आते-आते बांधों में जलभराव का स्तर कम होने लगा है।

सिंचाई विभाग का कहना है कि इस बार दिसंबर और जनवरी में ज्यादा बारिश नहीं हुई। इसका असर नदी-नालों और जलाशयों पर पड़ रहा है। नतीजा यह रहा कि प्रदेश के बड़े बांधों में शामिल गंगरेल, बांगो समेत अन्य मध्यम व छोटे बांधों में जलभराव वर्ष 2023 और 2024 के मुकाबले सबसे कम हुआ है।

### बांधों में 36 फीसदी से अधिक जलभराव

प्रदेश में 12 बड़े और 34 मध्यम स्तर के बांध हैं। इन बांधों में 36 फीसदी से अधिक जलभराव की स्थिति है। वर्तमान में गंगरेल में 44.70 प्रतिशत ही जलभराव है, जबकि 2024 में यह 60.99 फीसदी था, यानी इस बार 16 फीसदी जलभराव कम है। यही स्थिति मिनीमाता बांगो बांध की है, जहां 35.17 फीसदी पानी है। यहां पिछले साल की तुलना में 18 फीसदी जलभराव कम है। मुरुमसिल्ली में पिछले बार की तुलना में इस बार करीब 38 फीसदी जलभराव कम हुआ है। हालांकि वर्ष 2023 की तुलना में इस बार इसकी स्थिति बहुत बेहतर है। वर्ष 2023 में यहां केवल 10.30 फीसदी ही जलभराव था।

## अब प्रदेश के बांधों में 36 फीसदी से अधिक जलभराव

### इन बांधों से छोड़ा जा रहा पानी

प्रदेश के करीब 20 बांधों से पानी छोड़ा जा रहा है। जिन बड़े बांधों से पानी छोड़ा जा रहा है, उनमें मिनीमाता बांगो, गंगरेल, दुधावा, सिकासार, सोंढूर, कोडार, केलो बांध से पानी छोड़ा जा रहा है। वहीं खरखरा, तांदुला, मनियारी, खुड़िया, गोंदली, कोसारटेडा, परलकोट, छीरपानी और केसवा जलाशयों से पानी छोड़ा गया है। लोरमी क्षेत्र के कई गांवों के लोगों की मांग पर निस्तारी के लिए जल उपलब्ध कराने खुड़यिा जलाशय से 200 क्यूसेक पानी नहर व नदी के माध्यम से छोड़ा गया है, जिससे क्षेत्र के तालाबों और मनियारी नदी पर निर्मित एनीकट को भरा जाएगा।



### गंगरेल-सोंढूर के पानी से इन क्षेत्रों की बुझेगी प्यास

गंगरेल और सोंढूर बांध से 390 तालाबों में निस्तारी के लिए पानी भरने का लक्ष्य तय किया है। अब तक 16 तालाब भरे जा चुके हैं।गंगरेल से धमतरी के अलावा रायपुर, अभनपुर, गोबरा नयापारा, बलौदाबाजार और पाटन को पेयजल के लिए पानी छोड़ा जा रहा है। गुरुवार को रूद्री बैरॉज से 3461 क्यूसेक पानी मुख्य नहर में छोड़ा जा रहा है। कई गांवों के तालाबों में पानी नहीं पहुंचा है। भूजल के गिरते स्तर को देखते हुए प्रशासन ने पानी का सदुपयोग करने की समझाइश दी है। तालाबों तक पानी पहुंचाने नाली दुरुस्त कराने के निर्देश दिए गए हैं।

## खबर संक्षेप



### हनुमान जयंती पर भंडारा गिदवानी ने बांटा प्रसाद

रायपुर। हनुमान जयंती के उपलक्ष में वार्ड नंबर-57 भगवतीचरण शुक्ला वार्ड के अरविंद नगर में भंडारा का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में नागरिक एवं वार्डवासियों ने शामिल होकर भोग-प्रसाद ग्रहण किया। एमआईसी सदस्य एवं पार्षद अमर गिदवानी ने प्रसाद वितरित करने में सहयोग दिया।

### कमल वर्मा फिर बने फेडरेशन के संयोजक



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन की प्रांतीय बैठक रायपुर स्थित जगन्नाथ मंदिर परिसर में हुई। इस प्रांत स्तरीय आमसभा में कमल वर्मा को पुनः फेडरेशन का निर्विरोध संयोजक चुना गया। फेडरेशन के प्रांतीय प्रवक्ता चंद्रशेखर तिवारी एवं जीआर चंद्रा ने बताया कि आमसभा में कमल वर्मा ने अपने बीते पांच वर्षों के कार्यकाल में कर्मचारी हित में किए गए कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। फेडरेशन द्वारा आयोजित इस गरिमामय कार्यक्रम में उत्तर रायपुर के विधायक पुरंदर मिश्रा को उनके सराहनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। श्री मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि वे सदैव कर्मचारियों की मांगों के समाधान के लिए शासन एवं कर्मचारी संगठनों के बीच एक सेतु की भूमिका निभाते रहेंगे।

### नेशनल स्ट्रीट वेंडर्स एसो. के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बने आलोक



**रायपुर।** नेशनल स्ट्रीट वेंडर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिल्ली के वेंडर लीडर सागर यादव चुने गए। छत्तीसगढ़ में आलोक पांडेय को कार्यकारी अध्यक्ष चुना गया। नेशनल स्ट्रीट वेंडर्स एसोसिएशन ने वरिष्ठ निर्वाचन अधिकारी तथा समाजसेवी अनिल प्रधान की देखरेख में यह चुनाव हुआ। अन्य पदाधिकारियों में राष्ट्रीय महामंत्री अभिषेक, सरदार प्रीतम सिंह, गोपाल सिंग लोदी,साही आदिल, राष्ट्रीय उपमंत्री सतीश गौड़, साथ ही अन्य पदाधिकारी निर्वाचित हुए।

### बंगाली नववर्ष पर कार्यक्रम आज

**धमतरी।** बंगाली समाज का शुभ नववर्ष मंगलवार 15 अप्रैल को मनाया जाएगा। समाज के अध्यक्ष मृत्युंजय कर ने बताया कि इस वर्ष भी मंगलवार को शाम 7 बजे से तहसील आफिस के पास स्थित कर्मचारी भवन हाल में समाजजनों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं, जिसमें छोटे बच्चे, युवा, महिलाएं, बुजुर्ग सभी हिस्सा लेंगे।

## व्यापम ने आयोजित की थी सहायक सांख्यिकी अधिकारी भर्ती परीक्षा

# व्यापम को अर्जी मिली 37 हजार, आए 15% यूपीएससी का पर्चा दिलाने पहुंच गए 72%

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

लोकप्रियता के मामले में संघ लोक सेवा आयोग स्थानीय परीक्षा एजेंसियों पर भारी पड़ता नजर आ रहा है। रविवार को व्यावसायिक परीक्षा मंडल और यूपीएससी द्वारा भर्ती परीक्षा आयोजित की गई। व्यापम की परीक्षा में जहां सिर्फ 15.01 प्रतिशत लोग ही पहुंचे तो वहीं यूपीएससी की परीक्षा में 71.5 प्रतिशत कैंडिडेट्स पहुंचे रहे। व्यापम द्वारा सहायक सांख्यिकी अधिकारी भर्ती परीक्षा आयोजित की गई थी। इसके लिए 37 हजार अभ्यर्थियों ने आवेदन किए थे। मात्र 17 पदों के लिए यह भर्ती निकाली गई थी। अक्टूबर 2023 में जारी हुए विज्ञापन के बाद लगभग डेढ़ साल बाद रविवार को व्यापम ने परीक्षा ली।

परीक्षा राज्य के सभी संभागीय मुख्यालयों में आयोजित की गई। जिला स्तर पर निगरानी करने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए थे। रायपुर में इसके लिए 29 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। रायपुर में 10 हजार 185 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। इनमें से सिर्फ 1 हजार 592 ही परीक्षा दिलाने पहुंचे। स्थिति यह रही कि कई केंद्रों में परीक्षा कक्ष में 5-6 अभ्यर्थी ही नजर आए। गौरतलब है कि शासन द्वारा भर्ती परीक्षाओं को निशुल्क किए जाने के बाद से ही यह स्थिति निर्मित हो रही है। युवा थोक में आवेदन कर रहे हैं, लेकिन परीक्षा दिलाने 20 प्रतिशत भी नहीं पहुंच रहे हैं।





- यूपीएससी द्वारा रखी गई थी नेशनल डिफेंस अकेडमी परीक्षा और कंबाइंड डिफेंस सर्विस परीक्षा

### डिफेंस अकेडमी के लिए मिले थे 1731 आवेदन

सेना में ऑफिसर बनने के लिए युवा उत्साहित नजर आए। यूपीएससी ने रविवार को दो परीक्षाएं आयोजित की। इसमें नेशनल डिफेंस अकेडमी परीक्षा और कंबाइंड डिफेंस सर्विस परीक्षा शामिल रही। इसमें नेशनल डिफेंस अकेडमी एंड नेवल अकेडमी के लिए रायपुर में 4 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इसके लिए 1731 आवेदन प्राप्त हुए थे। इनमें से 1237 परीक्षा दिलाने पहुंचे, जबकि 496 ही अनुपस्थित रहे। इस तरह से परीक्षा दिलाने वाले अभ्यर्थियों का प्रतिशत 71.5 प्रतिशत रहा। वहीं कंबाइंड डिफेंस सर्विस परीक्षा के लिए दो केंद्र बनाए गए थे। इसके लिए 424 आवेदन मिले थे। इनमें से 55.4 प्रतिशत अर्थात 235 अभ्यर्थी परीक्षा दिलाने पहुंचे।

### गलत उत्तर के लिए 1/3 अंक की निगेटिव मार्किंग

यूपीएससी एनडीए परीक्षा का आयोजन दो शिफ्ट में किया गया। पहली शिफ्ट में परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजकर 30 मिनट तक और दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजकर 30 मिनट तक हुई।प्रत्येक शिफ्ट 2 घंटे 30 मिनट अवधि की थी। यूपीएससी एनडीए परीक्षा में गणित के 300 अंकों के 120 प्रश्न और जीएटी में 600 अंकों के 150 प्रश्न थे। प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1/3 अंक की निगेटिव मार्किंग होगी। परीक्षा देकर निकले अभ्यर्थियों के मुताबिक, गणित के सवाल अपेक्षाकृत कठिन रहे।

### व्यापम ने पूछा- गंगा नहाना का मतलब

सहायक सांख्यिकी अधिकारी भर्ती परीक्षा के अंतर्गत पूछे गए कई सवाल अत्यंत रोचक रहे। इसमें अभ्यर्थियों से गंगा नहाने का मतलब पूछा गया। जिसका कोई मूल्य ना आंका जा सके उसे एक शब्द में क्या कहते हैं, कर्क रेखा छग के किस जिले से होकर गुजरती है, छग में धान खरीदी प्रक्रिया का क्रम, परंपरागत ऊर्जा संबंधित योजनाओं का क्रम, छग विधानसभा अध्यक्षों का क्रम, छग की भाटा मिट्टी को क्या कहते हैं, छग के किस वंश के शासकों ने त्रिकलिंगाधिपति की उपाधि धारण की थी सहित राज्य के औद्योगिक क्षेत्र जैसे सवाल पूछे गए।

# चौथे सत्र की मान्यता के लिए तैयारी प्रारम्भ एनएमसी टीम अगले महीने देगी दस्तक



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

चौथे सत्र की मान्यता के लिए मेडिकल कॉलेज प्रबंधन तैयारी में जुट गया है। मई महीने में एनएमसी की टीम निरीक्षण के लिए आ सकती है। फिलहाल, मेडिकल कॉलेज में स्टॉफ कम है और आधुनिक सुविधाएं भी नहीं हैं।

मेडिकल कॉलेज ने नए सत्र में 125 छात्रों का प्रवेश होना है। वर्तमान में लगभग 375 छात्र अध्ययन कर रहे हैं। तीन बैच की पढ़ाई हो रही है। नए सत्र की मान्यता प्रक्रिया चल रही है। मेडिकल कॉलेज प्रबंधन द्वारा ऑनलाइन दस्तावेजों को अपलोड किया जा रहा है। इधर, मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य भी तेजी से चल रहा है। मेडिकल कॉलेज में फैकल्टी की कमी बनी हुई है। इसके अलावा स्टॉफ की भी भर्ती नहीं हो पाई है। मेडिकल कॉलेज ने प्रस्ताव शासन को भेजा था, लेकिन अब तक मंजूरी नहीं मिल पाई है। स्टॉफ और संसाधन के अभाव में प्रति वर्ष मान्यता का खतरा बना रहता है। एनएमसी की टीम ने पिछले वर्ष ऑनलाइन ही जायजा लिया था। इस बार टीम निरीक्षण करने आ सकती है। मेडिकल कॉलेज को सभी जरूरी तैयारियां पूरी रखने के लिए कहा गया है। एनएमसी की टीम पढ़ाई, स्टॉफ, फैकल्टी, चकित्सा सुविधाएं, छात्रों के लिए हॉस्टल सुविधा आदि देखने के बाद मान्यता की प्रक्रिया आगे बढ़ाएगी। मेडिकल कॉलेज के अलख राम वर्मा ने बताया कि ऑनलाइन दस्तावेज अपलोड किया जा रहा है।

### कॉलेज का निर्माण

मेडिकल कॉलेज निर्माण कार्य जारी है। पहले चरण में अकादमिक भवन, स्टॉफ क्वार्टर, छात्रों के लिए हॉस्टल का निर्माण कराया जा रहा है। निर्माण कार्य पूरा होने समय लगेगा। इसलिए शहर में विभिन्न संस्थाओं के भवनों का अधिग्रहण किया गया है।

# जल-तालाब संरक्षण के लिए महापौर और सभापति से भेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- ग्रीन आर्मी संस्था ने सौंपा ज्ञापन

शहर के महत्वपूर्ण जलस्रोतों और ऐतिहासिक तालाबों के संरक्षण के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता को दोहराते हुए ग्रीन आर्मी के एक सक्रिय दल ने शनिवार को महापौर मीनल चौबे एवं सभापति सूर्यकांत राठौर से मुलाकात की।

इस दौरान टीम ने शहर के लगभग 150 तालाबों की वर्तमान स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए विस्तृत ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में इन जीवनदायिनी जल निकायों के गहरीकरण, वैज्ञानिक जल शुद्धिकरण, उनके चारों ओर व्याप्त अवैध अतिक्रमणों को प्राथमिकता से हटाने, नियमित और प्रभावी सफाई सुनिश्चित करने और सबसे महत्वपूर्ण रूप से शहर की नालियों के दूषित जल को इन तालाबों में सीधे जाने से रोकने के लिए ठोस और दीर्घकालिक उपायों की आवश्यकता पर बल दिया। संस्था के प्रदेश अध्यक्ष अमिताभ दुबे ने महापौर को शहर के कुछ प्रमुख और ऐतिहासिक तालाबों, जिनमें बूढ़ा तालाब, महाराजबंद तालाब, शीतला तालाब, गजराज बांध तालाब, राजा तालाब एवं सरजूबांधा तालाब प्रमुख की वर्तमान दयनीय स्थिति से अवगत कराया। महापौर श्रीमती चौबे ने जल एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए ग्रीन आर्मी के साथ मिलकर कार्य करने की सहर्ष सहमति व्यक्त की। इस दौरान रायपुर जिला अध्यक्ष गुरदीप टुटेजा, मोनिका बागरेचा, डॉ. भारती श्रीवास्तव, विनीत शर्मा एवं प्रमुख सदस्य भी उपस्थित रहे।

# सीएम साय बोले- पंचतीर्थ और संविधान दिवस से नई पीढ़ी बाबा साहब से ले रही प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- मुख्यमंत्री युवाओं के साथ जय भीम पदयात्रा में हुए शामिल




मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, भारत का संविधान हर नागरिक के लिए पवित्र ग्रंथ है, जो हमें गरिमापूर्ण जीवन का अधिकार देता है। हमारा विशाल लोकतंत्र संविधान की मजबूत नींव पर खड़ा है और बाबा साहब इस ग्रंथ के शिल्पकार थे। पंचतीर्थ और संविधान दिवस से नई पीढ़ी बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर से प्रेरणा ले रही है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने रविवार को राजधानी रायपुर के तेलीबांधा तालाब से जय भीम पदयात्रा का शुभारंभ करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री स्वयं इस पदयात्रा में युवाओं के साथ शामिल हुए और पदयात्रा के अंतिम पड़ाव में आंबेडकर चौक स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस दौरान उन्होंने युवाओं के साथ संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया और संविधान की मूलभावना के प्रति निष्ठा और प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए प्रिएम्बल वॉल पर अपने हस्ताक्षर किए। जय भीम पदयात्रा का आयोजन छत्तीसगढ़ शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग और नेहरू युवा केंद्र संगठन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था।

### क्या है पंचतीर्थ

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि मध्यप्रदेश के मऊ में जन्म लेकर कठिन संघर्षों के बाद बाबा साहब ने उच्च शिक्षा प्राप्त की और भारत जैसे विशाल लोकतंत्र को एक समावेशी और शक्तिशाली संविधान दिया। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बाबा साहब के जीवन से जुड़े पांच प्रमुख स्थलों को 'पंचतीर्थ' के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है, जिससे नई पीढ़ी उनके विचारों से प्रेरणा ले सके। साथ ही संविधान दिवस की घोषणा कर देशवासियों को संविधान के प्रति समर्पण का संदेश दिया है। कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा, कि बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर का पूरा जीवन हम सबके लिए प्रेरणादायी है। मुख्यमंत्री ने समाज में विशिष्ट योगदान देने वाले युवाओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक पुरंदर मिश्रा, खुशवंत साहेब, अनुज शर्मा, मोतीलाल साहू, युवा आयोग के अध्यक्ष विश्वविजय सिंह तोमर, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सचिव हिमशिखर गुप्ता, नगर निगम आयुक्त विश्वदीप सहित बड़ी संख्या में युवा, स्कूली बच्चे और आमजन उपस्थित थे।

# कार की टक्कर से बाइक में सवार दो लोगों की मौत, एक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

मेला देखकर लौट रहे बाइक सवारों को एक कार ने टक्कर दिया, जिससे दो लोगों की मौत हो गई और एक घायल हो गया। मामला सरायपाली थाना अंतर्गत मेन रोड डोंगरीपाली के पास का है। रिपोर्ट पर सरायपाली थाने में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है।

पुलिस ने बताया कि 12 अप्रैल को देवा नागवंशी अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 केबी 3667 में अपने साथी ध्यानचंद एवं श्यामलाल नागवंशी के साथ ग्राम देवसागर मेला देखकर वापस आ रहा था महाजन पटेल के घर के सामने मेन रोड डोंगरीपाली के पास पहुंचने पर सामने से आ रही वैगनआर क्रमांक सीजी 04 केएक्स 4294 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे मोटर सायकल में बैठे देवा नागवंशी, ध्यानचंद मुंडा की मौके पर मौत हो गई और श्यामलाल नागवंशी को घायल अवस्था में शासकीय अस्पताल सरायपाली में भर्ती कराया गया है।मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 281,125(ए) 106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को राज्य सरकार से मिलेगी मदद

- राज्य सरकार की राहत एवं पुनर्वास नीति 2025 लागू
- बच्चों को 18 वर्ष की आयु तक निशुल्क एवं प्राथमिकता आधारित शिक्षा दी जाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा नक्सल क्षेत्रों में शांति स्थापित करने के उद्देश्य से नक्सलवादी आत्मसमर्पण पीड़ित राहत एवं पुनर्वास नीति 2025 लागू की है। इस नीति के अंतर्गत आत्मसमर्पण करने वाले सक्रिय ईनामी नक्सलियों और उनके परिवारजनों को शिक्षा, रोजगार एवं वित्तीय सहायता जैसी कई महत्वपूर्ण सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

खास खबर

### सरकारी सेवा में नियुक्ति

यदि किसी आत्मसमर्पित नक्सली ने नक्सलियों के विरुद्ध अभियान में पुलिस को विशेष सहयोग दिया है और इसके कारण उसकी जान व संपत्ति को खतरा उत्पन्न हुआ है तो ऐसे प्रकरणों में उसे पुलिस विभाग के आरक्षक या समकक्ष पद पर नियुक्त किया जा सकेगा। अन्य विभागों में नियुक्ति के लिए जिला स्तरीय समिति की अनुशंसा आवश्यक होगी। साथ ही 5 लाख रुपए या उससे अधिक के ईनामी नक्सली के आत्मसमर्पण की स्थिति में पात्रता रखने पर नक्सली अथवा उसके परिवार के किसी एक सदस्य को



शासकीय सेवा में नियुक्ति का अवसर दिया जाएगा। यदि किसी कारणवश सेवा नहीं दी जा सकती तो ऐसे आत्मसमर्पित को एकमुश्त 10 लाख की राशि सावधि जमा के रूप में दी जाएगी। यह राशि 3 वर्षों के अच्छे आचरण के पश्चात एकमुश्त हस्तांतरित की जाएगी।

### शिक्षा एवं छात्रवृत्ति की विशेष व्यवस्था

छत्तीसगढ़ सरकार ने आत्मसमर्पित नक्सलियों एवं उनके बच्चों की शिक्षा के लिए भी व्यापक प्रावधान किए हैं। बच्चों को 18 वर्ष की आयु तक निशुल्क एवं प्राथमिकता आधारित शिक्षा शासकीय एवं आवासीय विद्यालयों में दी जाएगी। छात्रावास की सुविधा आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा प्रदान की जाएगी। यदि आत्मसमर्पित नक्सली या उनके बच्चे निजी शिक्षण संस्थानों में पढ़ना चाहें तो उन्हें शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत आरक्षित सीट पर प्रवेश एवं अनुदान राशि प्रदान की जाएगी। इच्छुक आत्मसमर्पित स्वयं भी शिक्षा ग्रहण कर सकते हैं, जिसके लिए संबंधित विभागों की योजनाओं के अंतर्गत सहायता दी जाएगी। यह नई नीति राज्य में शांति एवं विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे न केवल आत्मसमर्पित नक्सलियों को मुख्यधारा से जोड़ने में मदद मिलेगी, बल्कि उनके परिजनों का भविष्य भी सुरक्षित किया जा सकेगा।

# राज्यों की कला-संस्कृति में दिखी अनेकता में एकता की भावना

**रायपुर।** राजभवन में केन्द्र सरकार के 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें छत्तीसगढ़ में निवास करने वाले ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश एवं राजस्थान के लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया। राज्यपाल ने स्थापना दिवस के अवसर पर सभी को बधाई दी एवं अरुणाचल प्रदेश, राजस्थान और ओडिशा राज्यों का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। राज्यपाल श्री रमेन डेका ने इस अवसर पर कहा कि जब हम एक-दूसरे की संस्कृति को समझेंगे, स्वीकार करेंगे और उसका सम्मान करेंगे तभी सशक्त भारत का निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि हमारे देश की विविधता यहां के खान-पान, पहनावे, परंपराओं, रीति-रिवाजों और अनुष्ठानों में देखी जा सकती है।



### संस्कृति एक-दूसरे से मिलती-जुलती है

ओडिशा प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित रायपुर उत्तर विधायक पुरन्दर मिश्रा ने कहा कि छत्तीसगढ़िया और ओड़िया भाई-भाई हैं। दोनों राज्यों की संस्कृति एक-दूसरे से बहुत मिलती-जुलती है। छत्तीसगढ़ में 35 लाख ओड़िया भाई रहते हैं। ओडिशा राज्य के नागरिक विभिन्न क्षेत्रों, विशेषकर कृषि और खनन में अपनी विशेषज्ञता के साथ छत्तीसगढ़ आए हैं। उनके कृषि ज्ञान और कौशल ने छत्तीसगढ़ की मदद की।

## खबर संक्षेप



### श्रीराम कथा हमें मर्यादा में रहना सिखाती है : साहू

**महासमुंद।** विधानसभा क्षेत्र ग्राम अछोला में अयोजित राज्य स्तरीय त्रिदिवसीय अखंड संगीतमय राम कथा का भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने रसपान किया। तुषार साहू ने कहा कि श्रीराम कथा हमें मर्यादा में रहना सिखाती है। साथ ही यह मानव का सही मार्गदर्शन भी करती है। जो मनुष्य सच्चे मन से श्रीराम कथा का श्रवण कर लेता है, उसका लोक ही नहीं परलोक भी सुधर जाता है। मनुष्य जीवन बहुत दुर्लभ है और बहुत सत्कर्मों के बाद ही मनुष्य का जीवन मिलता है। पति-पत्नी, भाई-बहन, भाई-भाई का प्रेम, पिता-पुत्र, सास-बहू सभी को अपनी मर्यादा में रहना चाहिए। रामायण हमें मर्यादा सिखाती है।

### गोस्वामी समाज ने किया कैलेंडर वितरण



**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज जिला इकाई महासमुंद द्वारा हिंदू नववर्ष पर आधारित वार्षिक कैलेंडर का वितरण तथा वार्षिक सदस्यता अभियान का कार्य प्रारंभ किया गया। इस क्रम में समाज के जिला अध्यक्ष तोषण गिरि गोस्वामी के साथ रामेंद्र प्रकाश गिरि, शंकर पुरी, ओमप्रकाश पुरी, डिगेंद्र गिरि, यशवंत गिरि आदि पदाधिकारियों द्वारा ग्राम लभरा कला, डोंगरीपाली, पचेड़ा तथा मामाभंचा में निवासरत गोस्वामी समाज के सदस्यों के घर जाकर कैलेण्डर वितरण किया गया तथा वार्षिक सदस्यता शुल्क लेकर रसीद प्रदान किया गया। साथ ही आगामी दो मई को रायपुर में आयोजित प्रांत स्तरीय आद्य शंकराचार्य जयंती समारोह का आमंत्रण दिया गया।
उन्होंने बताया कि अप्रैल माह के अंदर महासमुंद जिले में निवासरत समस्त गोस्वामियों के घर जाकर सदस्यता अभियान तथा कैलेंडर वितरण का कार्य पूर्ण किया जाएगा।

### रामायण सम्मेलन में शामिल हुई जनपद सदस्य

**महासमुंद।** ग्राम छिलपावन में तीन दिवसीय रामायण कार्यक्रम में जनपद सदस्य तीजन गब्बर साहू शामिल हुई। इस दौरान सरपंच राधेश्याम पटेल, सुनीता पटेल, उपसरपंच संतोष डहरिया, भागीरथी पटेल, कैलाश देवांगन, जोरा पटेल, तरूण संख आदि समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## कांग्रेस ने मनाई डॉ. बाबा साहेब आम्बेडकर की जयंती

# संविधान हमें देता है समानता और अधिकारों के रक्षा की गारंटी : इन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

भारत रत्न डॉ. भीमराव आम्बेडकर जयंती पर स्थानीय गुरूनानक वार्ड, स्थित बाबा साहेब की आदमकद मूर्ति पर माल्यार्पण कर कांग्रेसजनों ने उन्हें सादर नमन करते हुए याद किया। इस अवसर पर विधायक इन्द्र साव ने कहा कि बाबा साहेब की जयंती का पर्व, समानता दिवस और ज्ञान दिवस के रूप में भारत समेत पूरे विश्व में मनाया जाता है। आम्बेडकर को समानता और ज्ञान के प्रतीक माना जाता है तथा उन्हें विश्वभर में उनके मानवाधिकार आंदोलन, संविधान निर्माता के रूप में जाना जाता है।



आम्बेडकर जयंती पर विधायक इन्द्र साव ने कहा यह केवल एक जयंती नहीं बल्कि सामाजिक न्याय, समानता और संविधान की भावना का उत्सव है। आम्बेडकर जयंती का मुख्य उद्देश्य समाज में समानता, भाईचारा और न्याय के विचारों को फैलाना है। डॉ. आम्बेडकर ने संविधान निर्माण में जो योगदान दिया, वह भारत को एक आधुनिक, लोकतांत्रिक और समतावादी राष्ट्र बनाने की नींव थी, उन्होंने महिलाओं, पिछड़े वर्गों और दलित समुदाय को अधिकार दिलाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए और उन्होंने नारा दिया था शिक्षित बनो, आंदोलन करो, संगठित रहो। इस नारे से बहुत कुछ सिखने को मिलता है। बाबा साहेब जन सभाओं में अक्सर कहा करते थे - ''शिक्षा उस शेरनी के दूध के समान है जो पियेगा वो दहाड़ेगा''। उनके जीवन से प्रेरणा लेकर देश, समाज के नव निर्माण में सभी को योगदान देना चाहिए। यह संविधान हमें समानता और अधिकारो की रक्षा की गारंटी देता है। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरूण यादव, वरिष्ठ कांग्रेस नेता ईश्वर सिंह ठाकुर, पूर्व मण्डी अध्यक्ष सुशील शर्मा, पूर्व निगम सदस्य सतीश अग्रवाल, पूर्व श्रम कल्याण सदस्य आलोक मिश्रा, अभिनव यदु, पार्षद चंद्रकांत खुंटे, संतोष अग्रवाल, पूर्व पार्षद प्रमेन्द्र तिवारी, रेवाचंद पारप्याणी, सत्यजीत शेण्डे, सचिन्द्र शर्मा, मनमोहन कुर्रे, रोहित साहू, शरीफ अब्बास, कुमारी जांगड़े, शेषनारायण यदु, नवीन बक्स, मदन ठाकुर, शैलेन्द्र अहिवार, कुंजू साहू, प्रशांत राउत, सरगम होमने, सचिन भोयर, अमन मेश्राम, राहुल मेश्राम, सचिन उईके, कविता रूसी, आशा डोंगरे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन, उनके अनुवाई गण उपस्थित थे।

## कर्मा जयंती पर निकाली कलश यात्रा, विधायक हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रवान

ग्राम रवान में रविवार को माता कर्मा की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर कलश यात्रा निकाल गांव के प्रमुख मार्गों में भ्रमण कर कार्यक्रम स्थल पहुंच मां कर्मा की पूजा–अर्चना के बाद आरती की गई। इस दौरान छत्तीसगढ़ी लोक कला सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुआ। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में भाटापारा विधायक इंद्र साव साहू, समाज के जिला अध्यक्ष सुनील साहू, प्रेम नारायण साहू, तहसील संघ बलौदाबजार जिला पंचायत सदस्य गीता डोमन वर्मा, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रवि शंकर वर्मा, जनपद सदस्य शीतल घनश्याम वर्मा, सरपंच निकिता अक्षय भारती उपस्थित थे। कर्मा जयंती को संबोधित करते हुए भाटापारा विधायक इंद्र साव ने कहा कि साहू समाज की कुलदेवी मां कर्मा ने अपने समाज के लिए जो त्याग किया है, उसे समाज कभी भी नहीं भूल पाएगा। साहू समाज जिला अध्यक्ष सुनील साहू ने माता कर्मा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज के लिये मां कर्मा ने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया था, जो बड़े गर्व की बात है।

इस दौरान ग्रामीण क्षेत्र के साहू समाज रवान के अध्यक्ष धनेश्वर साहू, उपाध्यक्ष राजू साहू, पुरुषोत्तम साहू, गणेशु साहू, अध्यक्ष मनीष साहू, योगेश दुगेश साहू, योगेंद्र साहू, राजू साहू, तामेशवर साहू, दानेशवर साहू, भागवत साहू, सोनू साहू, छोटे लाल साहू, मोनू साहू, छेदू साहू, दशरथ साहू, उदय साहू, उतम साहू, संतोष साहू, संजय साहू, नदू शिव साहू ,मुकेश साहू, दादू साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मनीष साहू ने किया।

## शराब की अवैध बिक्री के खिलाफ वार्डवासी लामबन्द, थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल





जिले के कसडोल नगर पंचायत के वार्ड नं 2 इंदिरा कॉलोनी में अवैध शराब की बिक्री को लेकर सोमवार देर शाम वार्ड के पार्षद के नेतृत्व में महिलाएं लामबंद हो गई और गली-गली बिक रही महुआ शराब की शिकायत लेकर थाना पहुंचे और कसडोल थाना प्रभारी रितेश मिश्रा को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान थाना प्रभारी ने वार्डवासियों को आश्वस्त किया कि अवैध शराब की बिक्री पर तत्काल कार्रवाई की जायेगी। मीडिया से चर्चा पर वार्ड के पार्षद प्रतिनिधि जानू यादव ने कहा कि अवैध शराब की बिक्री होने के कारण वार्ड के युवा, बुजुर्ग नशे की हालात में गाली गलौज दे रहे है, मोहल्ले में अशांति बनी हुई है, इसके पूर्व भी 15 दिवस पूर्व ज्ञापन सौंपकर अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने की मांग की गई थी, लेकिन बदस्तूर महुआ शराब की बिक्री जारी रही। इसलिए थाना प्रभारी को अल्टीमेटम दिया गया है, आगे चक्का जाम की चेतावनी दी गई है। इधर वार्ड की संतोषी पटेल ने कहा कि मोहल्ले में अवैध शराब की बिक्री होने पर पूरा वार्ड का माहौल खराब हो गया है, अगर तत्काल थाना द्वारा कार्रवाई नहीं की जाती है वार्डवासी एसपी सहित कलेक्टर से मुलाकात कर शराब की बिक्री पर रोक लगाने की मांग करेंगे।

## हनुमान जयंती पर निकाली झांकी, चौक-चौराह में हुई पूजा-अर्चना





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

ग्राम सकरी में शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हनुमान भक्तों द्वारा भगवान राम, सीता, लक्ष्मी तथा हनुमान के रूप में भव्य झांकी निकाली, जिसका ग्रामवासियों ने चौक-चौराह में पूजा-अर्चना करने के अलावा पुष्प वर्षा भी की। गांव के सभी युवा भगवा रंग के वस्त्र पहन तथा हाथ में ध्वजा लेकर रैली में शामिल हुए, जिससे पूरा गांव धर्ममय हो गया। धर्म के प्रति बढ़ती आस्था के चलते ग्राम सकरी में हनुमान जन्मोत्सव पर श्रद्धालुओं द्वारा किये जाने वाले आयोजन में साल दर साल श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है। हनुमान मंदिरों में फूलों से द्वारा की विशेष साजसज्जा की गई। वहीं भगवान हनुमान की गाथा एवं भजन का स्वर गुंजने का सिलसिला देर रात तक जरी रहा। इस दौरान अलग–अलग समय पर श्रद्धालुओं ने गांव के प्रमुख स्थानों पर भंडारा का आयोजन कर प्रसादी के रूप में खीर पूरी, चना गुड़, पुलाव वितरित किये। इस दौरान महामाया मंदिर, शनिमंदिर, हनुमान मंदिर, रामजानकी मंदिर आदि स्थानों पर आयोजित भंडारे में प्रसाद लेने वालों की लंबी कतार लगी रही।

### देवसुन्द्रा में हनुमान जन्मोत्सव धुमधाम से मना

**पलारी।** ग्राम देवसुन्द्रा में मारुति नंदन हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन भव्य रूप से किया गया। सुबह से हनुमान मन्दिर में पूजा पाठ कर सुंदर कांड का पाठ किया गया तथा संकट मोचक भगवान हनुमान से दुखियों के दुख हरने की कामना की गई। गांधी चौक के युवाओं ने भव्य भण्डारे का आयोजन किया, जिसमें संयोजक जितेंद्र वर्मा, रविन्द्र वर्मा, भुपेन्द्र वर्मा, राजेन्द्र, गोविन्द, छन्नु, सेतु वर्मा, इन्द्रदेव, जयप्रकाश, ताम्रध्वज, शिव, कुलेश्वर, अजय बघमार, पारख, शलेन्द्र, हीमांशु, नागेश, पार्थ पटेल, हेमराज पटेल का सहयोग रहा, हनुमान मन्दिर में शाम को हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें राम खिलावन वर्मा, राज प्रधान म. कु. क्षत्रिय समाज पलारी राज, कोमल वैष्णव, खेमिन वर्मा, कान्ति, ममता कुन्ती, इन्द्र साहू व ग्रामीणजन उपस्थित थे।



## पान ठेला में सट्टा, एक आरोपी पर कार्रवाई

**महासमुंद।** मुनगासेर के एक पान ठेला में सट्टा का संचालन कर रहे एक व्यक्ति पर कार्रवाई की गई है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि बाजार चौक मुनगासेर ब्रम्हा धीवर का पान ठेला में ब्रम्हा कुमार धीवर लोगों से रुपए पैसों का दांव लगवाकर सट्टा पट्टी लिख रहा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी से पूछताछ की जिस पर उसने अपना नाम ब्रम्हा कुमार धीवर पिता दयाराम धीवर (35 वर्ष) मुनगासेर का निवासी होना बताया एवं उक्त सट्टा पट्टी एवं सट्टे की नगदी रकम पुखराज पुरी गोस्वामी पिता धनुष पुरी गोस्वामी (43 वर्ष) खाड़ादरहा लक्ष्मीपुर थाना बागबाहरा को देना बताया।

# रेलवे स्टेशन में नहीं भर पा रही शिकायत पुस्तिका, एप पर गर्म है यात्रियों का गुस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की शिकायतों और सुझावों के लिए रखी गई 'यात्री समस्या पुस्तिका' केवल औपचारिकता बनकर रह गई है। स्टेशन के पार्सल ऑफिस, आरक्षण केंद्र और पूछताछ काउंटरों पर उपलब्ध यह पुस्तिका धूल फांक रही है, क्योंकि या तो यह यात्रियों को समय पर नहीं दी जाती या फिर जिम्मेदार कर्मचारी इससे बचते नजर आते हैं।

हरिभूमि की टीम ने रविवार को यात्री बनकर स्टेशन में पुस्तिका की पड़ताल की, जहां शिकायत पुस्तिका को लेकर वास्तविक स्थिति सामने आई। पार्सल ऑफिस में जब टीम ने पुस्तिका मांगी तो कर्मचारी टालमटोल करते दिखे। आरक्षण केंद्रों और खानपान के स्टॉल्स पर भी यही रवैया सामने आया। यात्रियों की शिकायत है कि रेलवे द्वारा भले ही पुस्तिका में की गई शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई का दावा किया जाता है, लेकिन उन्हें पुस्तिका आसानी से उपलब्ध ही नहीं कराई जाती। जबकि कुछ जागरूक यात्री ही हैं।

### छह महीने में सिर्फ 30 शिकायतें

रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की समस्याओं के समाधान के लिए रखी गई यात्री समस्या एवं सुझाव पुस्तिका में यात्रियों की रुचि न के बराबर दिख रही है। हालत यह है कि छह महीने में अलग- अलग विभागों को मिली पुस्तिका में 30 से अधिक शिकायतें दर्ज की गई हैं, जबकि स्टेशन से प्रतिदिन हजारों यात्री यात्रा करते हैं। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, यात्रियों द्वारा दर्ज की गई शिकायतों में सबसे अधिक मुद्दे ट्रेनों की लेटलतीफी, गलत सूचना देने और एसी कोच की खराब स्थिति से जुड़े होते हैं। इसके उलट, रेल मदद एप पर हर महीने हजारों शिकायतें दर्ज की जाती हैं। एक दिन में औसतन दर्जनों शिकायतें मिलती हैं। पुस्तिका में दर्ज शिकायतों पर रेलवे ने तत्काल कार्रवाई की है।

### 80 प्रतिशत शिकायतें ट्रेन से जुड़ी

यात्रियों को शिकायत पुस्तिका में अपनी समस्या दर्ज कराने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ती है। यही कारण है कि अब अधिकतर यात्री सीधे 'रेल मदद' एप के माध्यम से शिकायत करना ज्यादा आसान समझते हैं। इस एप पर दर्ज शिकायतों का समाधान औसतन 10 से 15 मिनट के भीतर किया जा रहा है और यात्रियों को इसकी जानकारी सीधे उनके मोबाइल पर भेज दी जाती है। जबकि शिकायत पुस्तिका के माध्यम से प्रक्रिया अपेक्षाकृत धीमी और जटिल होती है। बीते एक वर्ष में दर्ज शिकायतों में सबसे अधिक मामले ट्रेनों की लेटलतीफी, कोच में गंदगी, वातानुकूलन (एसी) की खराबी, बेडरोल की गुणवत्ता को लेकर मिली हैं। रेलवे को मिलने वाली कुल शिकायतों में से लगभग 80 प्रतिशत ट्रेन से संबंधित होती हैं, जबकि 20 प्रतिशत शिकायतें स्टेशन परिसर की सुविधाओं को लेकर दर्ज की जाती हैं।

## पेज 11 के शेष

### बाबा साहेब के ..

उसके दायरे में रहते हुए आगे बढ़ने का मार्ग दिखाया है। डॉ. आम्बेडकर सामाजिक समरसता के लिए आजीवन काम करते रहे। कलेक्टर दीपक सोनी ने कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार इस वर्ष डॉ. आम्बेडकर जयंती को सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र, मोर दुवार साय सरकार, सुशासन तिहार, जल संचयन की जानकारी देते हुए सभी पक्के घरों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग बनाने की अपील की। कार्यक्रम को नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, उपाध्यक्ष पवन साहू, आनंद यादव, दुर्गा महेश्वर ने भी सम्बोधित किया।

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष कसडोल कुसुम पैकरा, जिला पंचायत सदस्य गीता वर्मा, अमर सिंह मण्डावी, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, एसडीएम अमित गुप्ता सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### बाबा साहेब ने ...

उनके पिता ब्रिटिश सेना में थे तथा संतकबीर के अनुयायी थे। पुष्पांजलि कार्यक्रम में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नंदकुमार साहू सहित टेसूलाल धुरंधर, उमेश बाजपेयी, संकेत शुक्ला, पुरुषोत्तम साहू, अनिल बघेल द्वारा बाबा साहेब के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर रेवाराम साहू, पोषण पटेल, संजय श्रीवास, संतोष शर्मा, कीर्ति गास्वामी, लता टंडन, महेन्द्र साहू, मनीष कश्यप, भूपेन्द्र मनहरे, जितेन्द्र डड़सेना, कन्हैया सेन, सरिता माकड़े, धीरज बाजपेयी, कमल टंडन, नीरज सोनी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### महामाया मंदिर के...

तहत जघन्य अपराध की श्रेणी में आता है। उक्त घटना से हिंदू धर्मावलंबियों में आक्रोश व्याप्त है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने एवं पशु क्रूरता अधिनियम के तहत अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 299, 11 (1) ठ के तहत अपराध दर्ज किया है, वहीं एडिशनल एसपी हेमसागर सिदार ने कहा कि आरोपी को बख्शा नहीं जायेगा चाहे वो कोई भी हो।

### नगर पालिका में ...

स्टैंड एवं सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाए जाने भूमि चिन्हाकित कर दावा आपत्ति की सूचना निकाली जा चुकी है।

इसके निर्माण के लिए खसरा नंबर 513 में 1.200 हेक्टेयर भूमि को मांग एवं आबंटित किए जाने की मांग रखी गई है। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट नगर के लिए अत्यंत आवश्यक है, जिससे स्वच्छता के साथ–साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य के अंतर्गत यह पूर्ण किया जा सके। नगर पालिका बलौदाबाजार क्षेत्र की बढ़ती जनसंख्या एवं वाहनों के कारण नगर क्षेत्र में यातायात का दबाव अधिक रहता है। साथ ही बस स्टैंड शहर के मध्य होने से खरोरा, रायपुर, सरसीवा, सारंगढ़, कसडोल, लवन व भाटापारा क्षेत्र के प्रवासी यात्रियों के लिए यही से बस की सुविधा मिलती है, जिससे नगर में यातायात का दबाव बना रहता है, साथ ही यात्रियों को भी अनावश्यक असुविधा का सामना करना पड़ता है।

### ठेठवार यादव समाज...

रविवार दोपहर भाटापारा विधानसभा के ग्राम जोगीद्वीप,(गुर्रा) में आदिवासी गोंड समाज द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में भी सांसद बृजमोहन अग्रवाल व उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने पहुंच कर सर्वप्रथम शहीद नरेश कुमार ध्रुव के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। साथ ही देवी देवताओं की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम में सम्मिलित होकर इस पुनीत अवसर पर 54 नवविवाहित जोड़ों को सुखी, समृद्ध और प्रेममय दांपत्य जीवन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम में सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि गोंड आदिवासी समाज अपने संपूर्ण समुदाय के कल्याण को ध्यान में रखते हुए सामूहिक विवाह जैसी आदर्श परंपरा को सशक्त रूप से आगे बढ़ा रहा है। यह सराहनीय पहल न केवल आर्थिक असामानता को समाप्त करने में सहायक है, बल्कि समाज के आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बेटे-बेटियों को भी गरिमा और सम्मान के साथ विवाह का अवसर प्रदान करती है। ऐसी परंपराएं सामाजिक एकता और समरसता को सशक्त बनाने का माध्यम बन रही हैं।

कार्यक्रम में उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने गोंड समाज की संस्कृति एकता और परम्परा को प्रणाम कर कहा कि सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन समाज द्वारा किया जाने वाला श्रेष्ठ कार्य है। इसमें पूरे समाज का आशीर्वाद जोड़े को मिलता है और परिवार को विवाह का भारी-भरकम खर्च भी नहीं उठाना पड़ता है। इस अच्छी परंपरा को हर समाज आज अपना रहा है।

ऐसे में समाज के हर व्यक्ति का भी कर्त्तव्य बनता है, कि समाज के रचनात्मक गतिविधियों में अपना योगदान दे और अपने समाज को आगे बढ़ाये। यादव समाज के अधिवेशन में विधायक द्वारिकाधीश यादव, विधायक रामकुमार यादव, जिलाध्यक्ष भाजपा आनंद यादव, जिलाध्यक्ष भाजयुमो सुनील यदु, सुरेश यदु, आदिवासी समाज के कार्यक्रम में बंशी नेताम, दौलत कुंजाम, कृपा राम, हिरा सिंह, अमर मंडावी सहित दोनों कार्यक्रमों में समाज के अनेक वरिष्ठजन, गणमान्यजन एवं युवा साथी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

HEALTH TOWN

K'sagar's श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### मोर दुवार साय सरकार महाभियान आज से शुरू

**बलौदाबाजार।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत स्थायी प्रतीक्षा सूची एवं आवास प्लस सूची में छूटे हुए पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने जिले में नये आवास सर्वेक्षण को शत-प्रतिशत पूर्ण कराने मोर दुवार साय सरकार महाभियान 15 अप्रैल से शुरू होने जा रहा है। आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण पूर्ण कराने यह विशेष पखवाड़ा 15 से 30 अप्रैल तक तीन चरणों में सम्पन्न होगा। कलेक्टर दीपक सोनी ने जिले में मोर दुवार साय सरकार महाभियान के लिए सभी तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रथम चरण में जिला एवं विकासखंड स्तर पर शुभारम्भ होगा, जिसमें 15 से 19 अप्रैल तक मुख्यमंत्री, मंत्रीगण, सांसद, विधायक, अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा सांकेतिक रूप से एक–एक परिवार का सर्वेक्षण किया जाएगा। द्वितीय चरण अंतर्गत 20 से 28 अप्रैल तक ग्राम नोडल अधिकारी एवं सर्वेक्षक द्वारा प्रत्येक ग्राम में सभा आयोजित करेंगे। सर्वेक्षक द्वारा अपने प्रभार क्षेत्र में घर–घर जाकर प्रत्येक परिवार का सर्वेक्षण किया जाएगा। तीसरे चरण में 29 से 30 अप्रैल तक सर्वेक्षक एवं सरपंच के संयुक्त हस्ताक्षर से सर्वे कार्य-शतप्रतिशत पूर्ण होने का प्रमाण पत्र जिला कार्यालय को प्रेषित किये जाएंगे।

### डॉ. आंबेडकर के विचार जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प



**रायपुर।** राजधानी रायपुर में बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के पूर्व रविवार को सामाजिक संस्था आंबेडकर अधिकार मंच के अध्यक्ष, सामाजिक न्याय कार्यकर्ता, अधिवक्ता भगवानू नायक के नेतृत्व में झुग्गी बस्तियों में रहने वाले समाज के अंतिम व्यक्ति तक बाबा साहब के विचारों को पहुंचाने का संकल्प लिया गया। साथ ही डॉ. आंबेडकर के जीवन चरित्र, संघर्ष और समतामूलक समाज के निर्माण के लिए उनके विचारों पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य गरीब, वंचित और शहरी झुग्गी बस्तियों में रहने वाले लोगों को बाबा साहेब के संवैधानिक मूल्यों, शिक्षा, समानता और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों से जोड़ना है।

### बलदेव अध्यक्ष, हरपाल बने वरिष्ठ उपाध्यक्ष



**रायपुर।** रामगढ़िया सेवक सभा के नए पदाधिकारियों की घोषणा की गई, जिसमें सरदार बलदेव सिंह भुई को अध्यक्ष और हरपाल सिंह भामरा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया गया है। साथ ही ओंकार सिंह मुद्दड़ को सचिव नियुक्त किया गया है। अन्य पदाधिकारियों की भी घोषणा की गई, जिसमें 5 उपाध्यक्ष, एक सचिव, दो सहसचिव, एक कोषाध्यक्ष, दो सह कोषाध्यक्ष और दो पीआरओं की नियुक्ति की गई है। साथ ही पांच बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की भी नियुक्ति की गई है। पदाधिकारियों का कार्यकाल 3 साल का होगा। निवृत्तमान अध्यक्ष जसविंदर सिंह राणा ने नए अध्यक्ष बलदेव सिंह भुई की पूरी टीम को बधाई देते हुए भविष्य में बेहतर काम करने के लिए शुभकामनाएं दीं। जारी सूची के अनुसार अध्यक्ष - बलदेव सिंह भुई, वरिष्ठ उपाध्यक्ष- हरपाल सिंह भामरा, जगदीश सिंह जब्बल, अटल सिंह हंसपाल, सुरेन्द्र सिंह हंसपाल, गुरुबचन सिंह भामरा, सुखविन्दर सिंह भामरा को उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है।
ओंकार सिंह मुद्दड़ को सचिव पद पर हरदीप सिंह भामरा को सुरेन्द्र सिंह बाड़े को सहसचिव पद पर मलकीयत सिंह रीहल को कोषाध्यक्ष, चरणजीत सिंह पनेसर और रविराज फ्लोरा को उपकोषाध्यक्ष, तेजपाल सिंह हंसपाल और अमरदीप सिंह चग्गर को पीआरओ पद पर नियुक्त किया गया है। वहीं बोर्ड ऑफ डायरेक्टर में जसविंदर सिंह राणा को शामिल किया गया है।

**आयोजन : कलेक्टोरेट में मनाई गई डॉ.आम्बेडकर जयंती**

# डॉ.आम्बेडकर जयंती सभी समाज को देती है सामाजिक समरता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



भारतीय संविधान के निर्माता बाबा साहेब डॉ.भीमराव आम्बेडकर की जयंती सोमवार को संयुक्त जिला कार्यालय बलौदाबाजार में मनाई गई। कलेक्टर दीपक सोनी ने संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में स्थित बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ महतारी, महात्मा गांधी एवं शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा पर भी पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारियों ने भी डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। डॉ. भीमराव आंबेडकर भारतीय संविधान के जनक कहे जाते हैं। वे संविधान सभा की प्रारूप समिति के अध्यक्ष थे और अपने जीवनकाल में समानता और लोगों के अधिकारों के लिए लड़े थे। हर साल 14 अप्रैल को देशभर में अम्बेडकर जयंती मनायी जाती है। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल,अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गोते, मिथलेश डोंडे, एसडीएम अमित गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## विधायक अनुज ने किया डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण



**खरोरा।** ग्राम भरुवाडीह कला में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर प्रतिमा का अनावरण धरसीवा विधायक अनुज शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला पंचायत रायपुर अध्यक्ष नविन अग्रवाल, जिला पंचायत सदस्य स्वाति वर्मा, नगर पंचायत खरोरा उपाध्यक्ष सुमित सेन, जनपद उपाध्यक्ष दुलारी सुरेन्द्र वर्मा, सविता चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष खरोरा सोना वर्मा, बंगोली चंद्रकांत साहू, विधानसभा सुनिल शर्मा, शक्ति केंद्र सह प्रभारी भगत निषाद, महिला मोर्चा हीरा वर्मा, बुथ अध्यक्ष हिरा सिंग, खोमेश्वर यादव, सरपंच भरुवाडीह चित्ररेखा बंजारे, जनपद सदस्य लेखु सेन, उप सरपंच, पंचगण, भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्राम के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## पंचायत भवन में मनाई गई आंबेडकर जयंती



**हथबंद।** ग्राम पंचायत हथबंद कार्यालय में डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से, भाजपा नेता जिला अध्यक्ष आनंद यादव एवं जनपद अध्यक्ष दौलत पाल, सरपंच ढालेश्वरी अनंत, पूर्व सरपंच विद्या वर्मा, संजू वर्मा भाजपा ग्रामीण अध्यक्ष धन्ना निषाद के साथ पंच सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## आंबेडकर जयंती पर निकाली रैली



**लवन।** डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर सतनाम युवा संगठन की ओर से नगर में एक भव्य रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में नव युवक, युवती और आम नागरिक शामिल हुए। रैली की शुरुआत बाबा गुरु घासीदास भवन स्थल से शुरू हुई और यह विभिन्न वार्डों से होती हुई वापस गुरु घासीदास भवन में संपन्न हुई। आयोजन में युवाओं की भागीदारी अधिक रही। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने संविधान निर्माता डॉ. आंबेडकर के विचारों और संविधान में उनके योगदान को याद करते हुए नारे लगाए। बैनर और पोस्टरों के माध्यम से आंबेडकरवाद को जन–जन तक पहुंचाने का संदेश दिया गया।

## रानीगढ़ में मनाई गई डॉ. आम्बेडकर जयंती



**गिधौरी।** रानीगढ़ में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास और श्रद्धाभाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर गांव में भव्य शोभायात्रा, सांस्कृतिक कार्यक्रम और विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि राजकुमार जांगड़े थे, जिनका उपस्थित जनसमूह ने गर्मजोशी से स्वागत किया। डॉ. आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई। श्री संबोधन में जागड़े ने डॉ. आंबेडकर के विचारों और उनके संघर्षों को वर्तमान पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। कार्यक्रम में गांव के गणमान्य नागरिकों चन्द्र शेखर रात्रे, ओमप्रकाश बारले, लखन लाल, टीकाराम, भरत भास्कर, भगत, शिवदयाल, अच्छेराम, अनिल, द्वारिका, ब्यास नारायण, केसराम टण्डन, जितेंद्र कुमार महिलांगे, रुस बाई जांगड़े, अनीता बंजारे, कविता भास्कर सहित युवाओं, विद्यार्थियों और महिलाओं की भागीदारी रही।

## आम्बेडकर जयंती पर हरिनभट्ठा में हुआ विविध कार्यक्रम

**सिमगा।** ब्लॉक के ग्राम हरिनभट्ठा में डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जिसमें सिमगा के शिवनाथ हॉस्पिटल के सौंजन्य से विशाल स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित होकर उक्त शिविर का लाभ उठाए। साथ ही ग्राम में बाबा भीमराव आम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना पश्चात समाज में उनके द्वारा दिए गए योगदान को याद किया गया। तत्पश्चात स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर भाटापारा एसडीओपी तारेश साहू, सिमगा थाना प्रभारी योगिता बाली खापर्डे, जनपद सदस्य चंद्रप्रकाश टोंडे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।



## आंबेडकर जयंती पर विधायक संदीप साहू ने दी श्रद्धांजलि



**पलारी।** भारतीय संविधान के निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती पर ग्राम ओड़ान व लरिया में आयोजित कार्यक्रमों में विधायक संदीप साहू शामिल हुए। उन्होंने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विधायक संदीप साहू ने बाबा साहेब के विचारों और उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि डॉ. आंबेडकर ने सामाजिक समानता और न्याय की जो नींव रखी वह आज भी हमारे समाज को दिशा प्रदान कर रही है। बाबा साहेब ने सामाजिक न्याय समानता और शिक्षा के क्षेत्र में जो कार्य किए वे आज भी हमारे लिए प्रेरणास्रोत हैं। बाबा साहेब ने हमें सिर्फ संविधान नहीं दिया बल्कि आत्म–सम्मान अधिकार और संघर्ष की प्रेरणा भी दी। उन्होंने कहा कि हमें बाबा साहेब के आदर्शों पर चलकर एक समतामूलक समाज की स्थापना करनी चाहिए।

## भाजपा ने मनाई बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती



**कसडोल।** भारतीय जनता पार्टी मण्डल कसडोल के नेतृत्व में डॉ. भीमराव आम्बेडकर की जयंती मनाते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने बस स्टैंड में मौजूद डॉ. आंबेडकर की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कार्यक्रम को भाजपा मण्डल अध्यक्ष डॉ. सुदीप मानिकपुरी ने संबोधित करते हुए कहा कि यह एक महत्वपूर्ण और गर्व का क्षण है जब हम समाज में न्याय और समानता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोबारा संजोते हैं। आम्बेडकर जयंती हमें उन महान विचारक, समाजसेवी, और संविधानकार की याद दिलाती है, जिन्होंने अपने जीवन को समाज को न्याय और समानता की दिशा में बदलने के लिए समर्पित किया। इसके साथ ही सतनामी कर्मचारी कल्याण समिति के अध्यक्ष विनोद चेलक ने कहा कि डॉ. भीमराव आम्बेडकर ने अपने विचारों और कार्यों के माध्यम से भारतीय समाज में जातिवाद, असमानता और अधिकारों के बारे में जागरूकता पैदा की। उनका समाजसेवा और आंदोलनीय कार्य भारतीय समाज को समग्र रूप से प्रभावित किया। उनके द्वारा लिखित भारतीय संविधान ने भारतीय नागरिकों को स्वतंत्रता, समानता, और न्याय का अधिकार प्रदान किया। इसके अलावा नपा अध्यक्ष नागेश्वर साहू और पार्षद भानु प्रताप साहू, पुनेश्वरनाथ मिश्रा, सुंदर साहू, नीरज साहू, भगवती साहू, संतोष भारती, मंजू बंजारे ने कहा कि आम्बेडकर जयंती पर हमें उनके विचारों को याद करने का समय है और उनके संदेश को आज के समय में अपनाने का संकल्प लेना चाहिए। हमें समाज में विविधता, समानता और न्याय की प्राप्ति के लिए प्रतिबद्ध रहना चाहिए, जैसे कि आम्बेडकर ने सपना देखा था।

उनकी जयंती हमें उनके द्वारा शुरू किए गए सामाजिक और आर्थिक परिवर्तनों को समझने का मौका प्रदान करती है, जो भारतीय समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। जयंती पर भाजपा के तमाम पदाधिकारी, भाजपा कार्यकर्ता सहित पार्षदगण मौजूद थे।

■ बाबा साहब की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया श्रद्धा सुमन अर्पित

# आंबेडकर जयंती पर वरिष्ठजनों का हुआ सम्मान



गिधौरी। डॉ. भीमराव आम्बेडकर जयंती पर नगर पंचायत टुण्डरा के वार्ड 6 आम्बेडकर चौक में छतराम साहू नगर अध्यक्ष की मुख्य आतिथ्य में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ बाबा साहेब की प्रतिमा पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण कर किया गया। श्री साहू ने बाबा साहब के जीवन परिचय एवं उनके संघर्षपूर्ण जीवनी को रेखांकित करते हुये उनसे प्रेरणा लेने अपील की। मंच में उपस्थित वरिष्ठजनों का श्रीफल एवं फूल माला से सम्मान किया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अधिकारी कृष्णकांत कुर्रे, उपाध्यक्ष राजकुमारी रामप्रसाद साहू, पार्षद भानूप्रताप घतलहरे, महेन्द्र बारले, राहुल बारले, डॉ. नागेद्र देवांगन, प्रमीला अमृत साहू, लक्ष्मीन गोंटीलाल केंवट, प्रभा हेमलाल बंजारे, संजय देवांगन, पूर्व नगर अध्यक्ष मोतीराम साहू, सतीश साहू, रविशंकर बंजारे, सीएस सांडे, कन्हैया सोनवानी, सुशील विश्वकर्मा, राजेन्द्र बारले, देहदानी रामाधार बारले, खोलबहरा बर्मन, ज्वाला यादव, घनश्याम बारले, महेत्तर टंडन, परस रात्रे, अर्जुन बंजारे, सतरूपा यादव, अनुजराम मिरी, विश्राम खुंटे, सीधा खुंटे, ननकीदाउ पटेल अजय राघव, प्रवीण खुंटे, पुष्पेन्द्र बंजारे, मुकेश बारले, सेवेन्द्र खुंटे, देवांश बारले, भार्गव बंजारे, नंदकुमार बंजारे, आदित्य बघेल सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, नगर क्लीन सीटी के सभी महिला कर्मचारी सहित भारी संख्या में जनसमुदाय शामिल हुये। मंच संचालन राजमहंत पीके घृतलहरे ने किया।

## तिल्दा में मनाई गई डॉ. आंबेडकर जयंती



**लवन।** भारत के संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ.भीमराव अम्बेडकर की जयंती तिल्दा में धूमधाम से मनाई गई। वहीं युवाओं ने केक काटा। सरपंच व उपस्थित लोगों ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और आम्बेडक मूर्ति के लिये आरक्षित भूमि का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि दिन बंधु गीत लहरे सरपंच तिल्दा, उपसरपंच मनोज केवट, गब्बर डहरिया, विष्णु, बरातू बंजारे, भुलाऊँ राम डहरिया, काशी, केके बंजारे, रामलाल डहरिया, राज, राजा, धनसाय, मनोज, दीपक, भूषण, सत्या, देवानन्द, वतन व भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

**29वें दिन भी पंचायत सचिवों की हड़ताल जारी**

# पंचायत सचिवों ने धरना स्थल पर मनाई आंबेडकर जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



मोदी की गारंटी पूरा करने अपनी सेवा के शासकीयकरण करने की मांग को लेकर 29वें दिन भी पंचायत सचिवों की हड़ताल जारी रही। अनिश्चितकालीन हड़ताल की शुरुआत 17 मार्च को राजधानी में प्रदेशव्यापी धरना प्रदर्शन के बाद से शुरू हुई।

इसके बाद ब्लॉक व जिला स्तर पर धरना प्रदर्शन का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में धरना स्थल तिल्दा नेवरा में उपस्थित सचिवों द्वारा भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई गई एवं संविधान के उद्देश्यिका का वाचन किया गया।

ब्लॉक अध्यक्ष भरत वर्मा ने बताया कि सरकार बनने से पहले मोदी की गारंटी में 100 दिन के भीतर पंचायत सचिवों के शासकीयकरण व नियमितीकरण की बात शामिल होने का दावा किया गया था। सरकार बनने के बाद 7 जुलाई को सचिव दिवस कार्यक्रम में भी मुख्यमंत्री ने 100 दिन में नियमितीकरण वाली मोदी की गारंटी दोहराई थी। इसके लिए कमेटी गठित कर 30 दिन के भीतर रिपोर्ट सौंपने और इसके आधार पर तत्काल शासकीयकरण करने का भरोसा मुख्यमंत्री ने दिलाया था, लेकिन 100 की जगह 300 दिन बीतने पर भी शासकीयकरण तो दूर, कमेटी की रिपोर्ट तक पेश नहीं हो सकी और शासन द्वारा दूसरी बार कमेटी बना दी गई। सरकार में आने के डेढ़ साल बीतने के बावजूद यह वादा नहीं निभाया गया। मीडिया प्रभारी सुनील शर्मा ने कहा कि सरकार ने पूर्व सरकारों की तरह इस बार भी सचिवों के साथ धोखा किया है। इस बार सचिव किसी झांसे में आने वाले नहीं हैं। मांग पूरी होने तक हड़ताल जारी रहेगी।

